# जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्र.जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2025/2327 दिनांक : 09.04.2025

// अति-आवश्यक //

**प्रति,**

**समस्त प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष/सहायक-केन्द्राध्यक्ष**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र,**
**जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर (म0प्र0)**

**विषयः- परीक्षा केन्द्र पर 24 घंटे प्रश्न-पत्र के पैकेट एवं अन्य परीक्षा सामग्री प्राप्त करने हेतु सक्षम अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने विषयक् ।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि स्नातक द्वितीय वर्ष की परीक्षा दिनांक 27.03.2025 एवं तृतीय वर्ष की परीक्षायें दिनांक 04.04.2025 से प्रारम्भ हो चुकी हैं। इस हेतु विश्वविद्यालय से प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्रों को लगातार भेजे जा रहे हैं। जीवाजी विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में 08 जिले हैं जिनमें से कई की दूरियां भी अधिक हैं। अतः परीक्षा केन्द्र पर 24 घंटे सक्षम अधिकारी/कर्मचारी की प्रश्न-पत्र के पैकेट व अन्य सामग्री प्राप्त करने हेतु उपस्थिति सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय द्वारा भेजे जाने वाले वाहन किसी भी समय परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा सामग्री लेकर पहूँचेंगे।

कुछ शासकीय महाविद्यालयों में अलग-अलग पाली/कक्षा के प्रश्नपत्र प्राप्त करने के लिए अलग-अलग प्राध्यापकों को नियुक्त किया गया है, जो केवल अपनी पाली के प्रश्नपत्र प्राप्त करते हैं। समस्त प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रश्नपत्रों के पैकेट प्राप्त करने के लिए किसी एक प्राध्यापक को नियुक्त करें जो सभी पालियों के प्रश्नपत्रों के पैकेट प्राप्त करे तथा संबंधित पाली में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

परीक्षा अधिनियम के अनुसार परीक्षा कार्य अतिआवश्यक कार्य है। इस सम्बंध में कोई भी लापरवाही परीक्षा अधिनियम के अर्न्तगत दण्डनीय है। किसी भी प्रकार की लापरवाही को आवश्यक कार्यवाही हेतु तत्काल शासन को प्रेषित किया जायेगा।

आशा है कि परीक्षा कार्य हेतु आपका आवश्यक सहयोग विश्वविद्यालय को प्राप्त होगा।

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः-**

1. श्रीमान आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0शासन, भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा ग्वालियर चम्बल संभाग।
3. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

**प्रभारी परीक्षा नियंत्रक**